दिन– सोमवार दिनांक– 13 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. दिल्ली की एक अदालत ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य के खिलाफ आरोप तय किए।

02 महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान जारी। गतिरोध दूर करने के लिए राजद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच लगातार हो रही है बातचीत।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोलह अक्टूबर को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पार्टी की चुनाव तैयारियों की करेंगे समीक्षा।

04. और, ग्यारह नवम्बर को एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू। उम्मीदवार बीस अक्टूबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चा।

---

दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। भ्रष्टाचार निरोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह आदेश पारित किया।अदालत ने तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू प्रसाद और उनके परिवार ने दो हजार चार से दो हजार नौ के बीच लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान एक निजी फर्म को ठेके देने के लिए रिश्वत के रूप में बेशकीमती जमीन स्वीकार की थी। इस बीच राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है।

———बाइट———

---

भाजपा ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर दिल्ली की एक अदालत द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीर बताया

है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में लालू प्रसाद पर रेल मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करने और रांची तथा पुरी में आईआरसीटीसी के होटलों के रखरखाव के ठेके देने की निविदा प्रक्रिया को सीधे प्रभावित करने का आरोप लगाया। उन्होंने लालू प्रसाद पर ज़मीन के बदले लोगों को नौकरी देने का भी आरोप लगाया।

———बाइट———

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। गतिरोध दूर करने के लिए राजद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच लगातार बातचीत हो रही है। आज दिल्ली में कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमिटी की भी बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम शामिल हुए। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के बाद सूची जारी कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की कोशिश बिहार के लिए एक अच्छी सरकार बनाने की है।

———बाइट———

इस बीच, महागठबंधन के घटक दल भाकपा—माले और सीपीएम ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। भाकपा—माले ने घोसी से रामबली सिंह को और सीपीएम ने मांझी सीट से सत्येन्द्र यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है।

---

एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे के बाद भी प्रत्याशियों के नामों की अब तक सूची नहीं जारी की जा सकी है। इस सिलसिले में आज एक बार फिर भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय ने पार्टी नेताओं के साथ पटना में बैठक की। इस बीच, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि उम्मीदवारों की सूची को अंतिम स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने

कहा कि जल्द ही एनडीए के सभी घटक दल प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर देंगे। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा कि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा एनडीए के अभिभावक हैं और किसी प्रकार की कोई नाराजगी नहीं है।

———बाइट———

इधर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए को मजबूत करने के लिए काम करेगी। पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर किसी भी प्रकार की नाराजगी नहीं है।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी इसकी घोषणा जल्द कर दी जायेगी।

———बाइट———

इस बीच जदयू ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल देना शुरू कर दिया है। अब तक पांच उम्मीदवारों को सिंबल दिए गए है।

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट मे कहा कि मनोनुकूल सीट नहीं मिलने से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को दुःख हुआ है। आने वाले समय मे यह पता चलेगा कि यह फैसला कितना उचित है या अनुचित।

---

ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने एनडीए से अलग होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। श्री राजभर ने बताया कि उनकी पार्टी ने पहले चरण के चुनाव के लिए बावन प्रत्याशियों के नाम तय कर

लिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि एनडीए अभी भी उनकी पार्टी को चार से पाँच सीट देती है तो वह अपने फैसले को वापस ले लेंगे।

---बाइट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोलह अक्टूबर को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री शाह इस दौरान विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

---

मोहनिया से राजद विधायक संगीता कुमारी और विक्रम से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सिंह आज भाजपा में शामिल हो गए। पटना में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कई अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी में जमीनी कार्यकर्ताओं और नेताओं की उपेक्षा का आरोप लगाया।

---

पटना के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अरूण कुमार सिन्हा ने कहा है कि वे इसबार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिन्हा ने कहा कि वे संगठन के लिए काम करते रहेंगे।

---

तेज प्रताप यादव के नेतृत्व वाले जनशक्ति जनता दल ने इक्कीस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार तेज प्रताप यादव महुआ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

---

प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए आज पैंसठ प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अब तक एक सौ सोलह उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पार्टी ने राघोपुर से इस बार भी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही बीस जिलों की एक सौ बाईस विधानसभा सीटों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उम्मीदवार बीस अक्तूबर तक नामांकन पत्र भर सकते है। इक्कीस अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, नाम वापसी की अंतिम तिथि तेईस अक्तूबर निर्धारित है। दूसरे चरण के लिए मतदान ग्यारह नवम्बर को होगा। इधर, पहले चरण के लिए भी एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर नामांकन जारी है। पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि सत्रह अक्तूबर तक निर्धारित है। समाचार कक्ष से इकबाल अहमद।

इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार को नामांकन नहीं होगा।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस दौरान राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के

प्रतिनिधि मौजूद रहें। रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रथम चरण के सभी एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में चौवन हजार तीन सौ ग्यारह बैलेट यूनिट, चौवन हजार तीन सौ ग्यारह कंट्रोल यूनिट और अंठावन हजार एक सौ तैईस वीवीपैट आंवटित कर दिए गए है।

---

शेखपुरा की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विभा रानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी के खिलाफ समन जारी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ एक जनसभा में आपत्तिजनक नारा लगाये जाने के मामले में दायर परिवाद के मामले में अभियुक्तों को अपना पक्ष रखने को लेकर यह समन जारी किया गया है।

---

01. दिल्ली की एक अदालत ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य के खिलाफ आरोप तय किए।

02 महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान जारी। गतिरोध दूर करने के लिए राजद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच लगातार हो रही है बातचीत।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोलह अक्टूबर को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। पार्टी की चुनाव तैयारियों की करेंगे समीक्षा।

04. और, ग्यारह नवम्बर को एक सौ बाईस विधानसभा सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू। उम्मीदवार बीस अक्टूबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चा।

---

समाप्त